आप इंटरनेट पर आईसीटी-कार्ड के बारे में विस्तृत जानकारी यहां प्राप्त कर सकते हैं:

www.bamf.de/ICT

विस्तृत आवश्यकताएं और प्रासंगिक प्रक्रियाएं रेसिडेंस एक्ट के § 19b, 19c और 19d में निर्धारित हैं। किसी संदेह की स्थिति में कानूनी शब्द लागू होंगे।

चिह्न

जारी कर्ता:
Bundesamt für Migration und Flüchtlinge
Referat 220
Frankenstraße 210
90461 Nürnberg

आपूर्तिकर्ता:
Publikationsstelle des
Bundesamtes für Migration und Flüchtlinge
publikationen@bamf.bund.de
www.bamf.de/publikationen

संस्करण: 10 / 2017

प्रिंट: Silber Druck oHG, Niestetal

डिजाईन: KonzeptQuartier® GmbH, Fürth

फोटो/फोटो क्रेडिट: fotolia / FS-Stock; fotolia / nd3000; fotolia / Rawpixel.com; fotolia / wutzkoh

संपादन:
Bundesamt für Migration und Flüchtlinge
Referat Öffentlichkeitsarbeit, interne Kommunikation

यह प्रकाशन फ़ेडरल ऑफिस फॉर माइग्रेशन एंड रिफ्यूजीज के जन संपर्क कार्य का हिस्सा है, इसका नि:शुल्क वितरण किया जाता है और बिक्री करना इसका उद्देश्य नहीं है।

हमसे यहां जुड़ें
www.facebook.com/bamf.socialmedia
@BAMF_Dialog

OTHER LANGUAGE ?
www.bamf.de/publikationen

www.bamf.de

दीर्घकालिक मोबिलिटी: मोबाइल आईसीटी-कार्ड

तीसरे-देश का निवासी जिनके पास पहले से ही ईयू सदस्य राज्य में आईसीटी निवास की अनुमति है और जर्मनी में लंबे समय (90 दिनों से अधिक) तक ठहरने की योजना है, मोबाइल आईसीटी-कार्ड के लिए आवेदन कर सकते हैं।

मोबाइल आईसीटी-कार्ड के लिए आवश्यकताएं

- **पुष्टिकरण** आवेदन प्रक्रिया की अवधि के लिए एक वैध रेसिडेंट परमिट एक वैध रोजगार अनुबंध, और यदि आवश्यक हो तो, असाइनमेंट के विवरण के साक्ष्य
- एक प्रबंधक, विशेषज्ञ या प्रशिक्षु के रूप में जर्मनी में आयोजन सहायक में गतिविधि
- स्थानांतरण में **90 दिनों से अधिक का समय लगता है** लेकिन, अन्य ईयू सदस्य राज्य में ठहरने की अवधि से कम
- **फ़ेडरल एम्प्लॉयमेंट एजेंसी द्वारा अनुमोदन** या अनुमोदन की आवश्यकता से संबंधित गतिविधि में छूट। विदेशी प्राधिकरण से प्राप्त अनुमोदन।

मोबाइल आईसीटी-कार्ड के लिए आवेदन और समय सीमा

- **ईयू विदेशी देशों से आवेदन:** मोबाइल-आईसीटी-कार्ड के लिए जर्मनी में प्रवेश करने के कम से कम 20 दिन पहले आवेदन करना होगा।
- **जर्मनी में आवेदन:** मोबाइल-आईसीटी-कार्ड के लिए जर्मनी में प्रवेश करने के बाद ही लागू होगा, अगर एक अल्पकालिक मोबिलिटी की अधिसूचना जर्मनी में प्रवेश करने के पहले फ़ेडरल ऑफिस द्वारा प्राप्त हो जाती है। इस स्थिति में, मोबाइल-आईसीटी-कार्ड के लिए आवेदन § रेसिडेंस एक्ट 19c के तहत अल्पकालिक मोबिलिटी अनुमति की समाप्ति के कम से कम 20 दिन पहले जमा करना होगा।

यह ध्यान रहे कि मोबाइल-आईसीटी-कार्ड के लिए आवेदन अस्वीकृत हो जाएगा यदि उसे § रेसिडेंस एक्ट के 19c के अनुसार अल्पकालिक मोबिलिटी की अधिसूचना के रूप में उसी समय जमा नहीं किया जाता है!

Bundesamt für Migration und Flüchtlinge

आतंरिक कंपनी तीसरे देश के निवासियों को स्थानांतरित करता है

आईसीटी मैप और पूरे यूरोप की मोबिलिटी पर जानकारी

HINDI

Migration

अन्य मोबिलिटी

1 अगस्त, 2017 से, रेसिडेंस एक्ट ने तीसरे देश के नागरिकों को इंट्रा-कॉर्पोरेट स्थानांतरण के लिए ईयू सदस्य राज्यों के भीतर जाने की अनुमति दे दी है।

आईसीटी-कार्ड

आईसीटी-कार्ड के उद्देश्य और लक्ष्य समूह

आईसीटी (इंट्रा कॉर्पोरेट ट्रांसफरी)-कार्ड एक ईयू रेसिडेंट पर अनुमतियों का पूरक है। इसका उपयोग ईयू के भीतर एक ही कंपनी के शाखा कार्यालय से यूरोपियन यूनियन (ईयू) के बाहर स्थित कंपनियों के कंपनी अधिकारियों (प्रबंधकों, विशेषज्ञों और प्रशिक्षुओं) के अस्थायी के अस्थायी सेकंडमेंट के लिए किया जाता है। आईसीटी-कार्ड कंपनी के भीतर तीसरे देश के नागरिकों के आतंरिक स्थानांतरण की सुविधा देता है और अंतर-यूरोपीय मोबिलिटी को बढ़ाता है।

एक जर्मन आईसीटी-कार्ड तब लागू होता है जब स्थानांतरित कर्मचारी ईयू सदस्य राज्यों में निवास करने की इच्छा कर सकता है, लेकिन अधिकांशत: जर्मनी में। निर्देशक के दिशा-निर्देशों के अनुसार, आईसीटी-कार्ड धारकों को अन्य ईयू सदस्य राज्य में अल्पकालिक और दीर्घकालिक मोबिलिटी की पात्रता देता है।[1] आईसीटी-कार्ड डेनमार्क, ग्रेट ब्रिटेन और आयरलैंड को छोड़कर सभी ईयू सदस्य राज्यों में जारी किया जाता है। इन देशों में मोबिलिटी संभव भी नहीं है।

1 कुछ ईयू सदस्य राज्यों में, अल्पकालिक मोबिलिटी क्रियान्वित हो सके, इसके लिए पूर्व में ही प्राधिकारों से संचार की अवश्यकता होती है। आप पता कर सकते हैं कौन से प्राधिकार फ़ेडरल ऑफिस फॉर माइग्रेशन एंड रिफ्यूजी (बीएएमएफ) के होमपेज पर संबंधित हैं।

आईसीटी-कार्ड के लिए आवश्यकताएं

- जर्मनी में शाखा कार्यालय उसी कंपनी का हिस्सा है।
- कर्मचारी स्थानांतरण शुरू होने के ठीक पहले कंपनी में **कम से कम छह माह** से कार्यरत रहा हो।
- आतंरिक स्थानान्तरण की अवधि **कम से कम 90 दिन**।
- कर्मचारी जर्मनी में शाखा कार्यालय में **एग्जीक्यूटिव**, **विशेषज्ञ** या **प्रशिक्षु** के रूप में नियोजित होगा।
- **पेशेवर योग्यताओं का साक्ष्य** एक वैध रोजगार अनुबंध और यदि लागू हो तो असाइनमेंट पत्र का साक्ष्य।
- **फ़ेडरल एम्प्लॉयमेंट एजेंसी द्वारा अनुमोदन** या अनुमोदन की आवश्यकता से संबंधित क्रियाकलाप की छूट। अनुमोदन जर्मन दूतावास/कांसुलेट या अप्रवासी प्राधिकार से प्राप्त किया जाता है।

जर्मनी में प्रवेश के पूर्व, विदेश में जर्मन दूतावास या कांसुलेट से वीजा प्राप्त करना होगा। जमा किए जाने वाले दस्तावेज संबंधित दूतावास या कांसुलेट से प्राप्त किये जा सकते हैं।

आईसीटी-कार्ड की वैधता

आईसीटी-कार्ड एक अस्थायी निवास अनुमति है और स्थानांतरण के दौरान **एग्जीक्यूटिव और विशेषज्ञों** को जारी किया जाता है लेकिन, अधिकतम तीन वर्षों के लिए ही। वह **प्रशिक्षुओं** के स्थानांतरण की अवधि के लिए भी वैध होता है, लेकिन सिर्फ एक वर्ष लिए। आईसीटी-कार्ड के लिए पुन: आवेदन किया जा सकता है यदि स्थानान्तरण की समाप्ति और पुन: आवेदन के बीच कम से कम 6 माह की अवधि है।

अल्पकालिक मोबिलिटी

सुगम मोबिलिटी स्थितियां इंट्रा-कॉर्पोरेट स्थानांतरण के हिस्से के रूप में ईयू में रहनेवाले तीसरे देश के नागरिकों के लिए भी लागू होती हैं। डायरेक्टिव के मायने के भीतर जर्मनी में निवास की अनुमति के बिना भी अधिकतम 90 दिनों तक रह और कार्य कर सकते हैं, बशर्ते कि उन्होंने अन्य ईयू सदस्य राज्य में आईसीटी निवास अनुमति प्राप्त की है। फ़ेडरल ऑफिस फॉर माइग्रेशन एंड रिफ्यूजीज से संचार बहुत आवश्यक है।

अल्पकालिक मोबिलिटी के लिए शर्तें

- अन्य ईयू सदस्य देश में आईसीटी **रेसिडेंट परमिट** धारण का अधिकार।
- जर्मनी में शाखा कार्यालय उसी कंपनी का हिस्सा है।
- स्थानांतरण के दौरान प्राप्त **अर्जित आय** उस जर्मन कर्मचारी के तुलनीय होता है।
- स्थानांतरण अधिकतम 90 दिनों तक रहता है, जो अधिकतम 180 दिनों तक विस्तारित हो सकता है।
- **संचार-** फ़ेडरल ऑफिस से संबंधित मोबिलिटी के लिए।